>

Title: Discussion on the motion for consideration of the Ban on Witchcraft Bill, 2010 (Discussion not concluded).

z

श्री ओम प्रकाश यादव (सिवान): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :-

"कि देश में किसी भी रूप में जादू-टोना पर पाबंदी का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

जादू-टोना पर पाबंदी विधेयक, 2010 पर सदन में चर्चा देने की अनुमति देने के लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और भारतीय जनमानस से जुड़ा हुआ है। यूं तो जादू-टोना का अस्तित्व मानव सभ्यता के आरम्भ से रहा है, लेकिन आधुनिक समय में इसका स्वरूप व्यावक और विकराल होता जा रहा है। यह चिंता का विषय है। इस सम्मानित सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों को इस गंभीर समस्या पर चिंतन-मनन कर इसका समाधान ढूंढना होगा। संयुक्त राष्ट्र ने एक व्यापक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें जादू-टोना करने के आरोपी लोगों के द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही हत्या पर अपनी चिंता जाहिर की है। भारत का नाम कुछ अविकसित देशों के साथ जोड़ा गया है। जहां जादू-टोना से संबंधित हत्याएं अधिक हो रही हैं। सरकार को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए तथा तथ्य के रूप में हमारे सामने एक विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य आपका भाषण जारी रहेगा, आप अगली बार बोलेंगे।

सदन की कार्यवाही सोमवार, 30 अप्रैल, 2012 की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

18.16 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, April 30, 2012/Vaisakha 10, 1934 (Saka)

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 27.04.12

** Introduced with the recommendation of the President.